इंडियन पोर्ट्स एसोसिएशन ने 'पीसीएस 1 एक्स' लॉन्च किया

drishtiias.com/hindi/printpdf/indian-ports-association-launches

चर्चा में क्यों?

हाल ही में इंडियन पोर्ट्स एसोसिएशन (Indian Ports Association-IPA) द्वारा पोत परिवहन मंत्रालय के मार्गदर्शन में पोर्ट कम्युनिटी सिस्टम 'PCS 1x' लॉन्च किया गया। इस दौरान यूआरएल **www.indianpcs.gov.in** को मुंबई से विभिन्न हितधारकों की उपस्थिति में शुरू किया गया।

प्रमुख बिंदु

- 'PCS 1x' उपयोगकर्त्ता के अनुकूल इंटरफ़ेस के साथ क्लाउड आधारित एक नई पीढ़ी की तकनीक है। यह प्रणाली एक ही प्लेटफॉर्म पर समुद्री व्यापार से संबंधित 19 मौजूदा हितधारकों के अलावा 8 नए हितधारकों को निर्बाध रूप से एकीकृत करती है।
- इस प्लेटफॉर्म के द्वारा नोटिफिकेशन इंजन, कार्यप्रवाह, मोबाइल एप्लीकेशन, ट्रैक और ट्रेस, बेहतर यूजर इंटरफेस, बेहतर सुरक्षा सुविधाएँ, बिना आईटी क्षमता वाले लोगों के लिये डैशबोर्ड की पेशकश करके बेहतर समावेशन जैसी मूल्यवर्द्धित सेवाएँ प्रदान की जाती हैं।
- 'PCS 1x' की एक अनूठी विशेषता यह है कि यह तीसरे पक्ष के सॉफ्टवेयर जो कि समुद्री उद्योग को सेवाएँ प्रदान करता है, तक पहुँच प्रदान करता है जिससे यह हितधारकों को सेवाओं के विस्तृत नेटवर्क तक पहुँचने में सक्षम बनाता है।
- यह प्रणाली सभी हितधारकों हेतु सभी कार्यक्षमताओं को एक स्टॉप इंटरफ़ेस प्रदान करने के लिये एकल साइन ऑन सुविधा प्रदान करने में सक्षम बनाती है। इसकी एक और प्रमुख विशेषता एक विश्व स्तरीय स्टेट ऑफ़ द आर्ट पेमेंट एग्रीगेटर सोल्यूशन (state of the art payment aggregator solution) की व्यवस्था है जो बैंक विशिष्ट भुगतान प्रणाली पर निर्भरता को समाप्त करती है।
- यह प्रणाली व्यापार को सीमा शुल्कों के साथ बेहतर ढंग से संचारित करने में सक्षम बनाएगी क्योंकि एक एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (API) आधारित आर्किटेक्चर भी शुरू किया गया है, जिससे वास्तविक समय पर बातचीत की जा सके।
- यह प्रणाली एक डेटाबेस प्रदान करती है जो सभी प्रकार के लेन-देन के लिये एक डेटा बिंदु के रूप में कार्य करता है। यह पहली बार में ही डेटा को कैप्चर और स्टोर करता है जिससे विभिन्न बिंदुओं पर लेन-देन के लिये डेटा दर्ज करने की आवश्यकता हेतु मानवीय हस्तक्षेप को कम किया जा सके और इस प्रकार प्रक्रिया में त्रुटियों को कम किया जाता है।
- यह अनुमान लगाया गया है कि यह सुविधा लेन-देन की अवधि में कम-से-कम 1.5 से 2 दिन की कमी करेगी। लेन-देन में लगने वाले समय और लेन-देन की कुल लागत को कम करने में इस एप्लीकेशन का व्यापक प्रभाव होगा।
- इस प्लेटफ़ॉर्म के द्वारा भारत में समुद्री व्यापार में क्रांतिकारी बदलाव की संभावना है और इसे वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के

अनुरूप विकसित किया गया है। इस प्लेटफ़ॉर्म ने भारत की व्यवसाय सुगमता (Ease of Doing Business) की विश्व रैंकिंग और लॉजिस्टिक्स परफॉर्मेंस इंडेक्स (Logistics Performance Index-LPI) रैंकिंग में सुधार करने का मार्ग प्रशस्त किया है।

- 'PCS 1x' के उपयोग और लाभों के बारे में हितधारकों को शिक्षित करने के लिये एक प्रमुख प्रशिक्षण और आउटरीच कार्यक्रम चलाया जा रहा है। यह एक ऐसी पहल है जो कागज़ पर निर्भरता को कम करके हरित पहलों का समर्थन भी करती है।
- इस वेब-आधारित प्लेटफ़ॉर्म को स्वदेशी तौर पर विकसित किया गया है तथा यह देश की 'मेक इन इंडिया' और 'डिजिटल इंडिया' पहल का हिस्सा है। पोत परिवहन मंत्रालय PCS प्लेटफ़ॉर्म के उपयोग को अनिवार्य बनाने के लिये अलग-अलग आदेश जारी कर रहा है।

स्रोत : पीआईबी